# GOVT. DR. W. W. PATANKAR GIRLS' PG COLLEGE, DURG

*NEAR CENTRAL SCHOOL, JAIL ROAD, DURG (C.G.)*

[Erstwhile: Govt. Girls' College, (Durg) Ph. No. – 0788-2323773]

Awarded Star College by DBT, New Delhi

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in

AISHE Code : C-21647


## Criteria-7 Institutional Values and Best Practices

| Metric No. | 7.1 Institutional Values and Social Responsibilities | Documents enclosed |
|---|---|---|
| 7.1.9. | Sensitization of students and employees of the Institution to the constitutional obligations: values, rights, duties and responsibilities of citizens | Compiled document containing employee and student sensitization towards constitutional obligations like independence day celebration, national anthem before commencement of classes and activities related to constitutional and national importance |

Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College DURG

Principal
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P.G. College Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 03.06.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज की संजना ने राष्ट्रीय एकता शिविर में भाग लिया

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निर्देशालय भोपाल द्वारा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में रामचंद्र मिशन आश्रम, अमलेश्वर में राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग की कु. संजना सिंह का चयन हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के प्रतिनिधित्व के लिए किया गया।

इस शिविर में गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार, उत्तरप्रदेश, झारखण्ड आदि 12 राज्यों से 200 से अधिक स्वयं सेवक शामिल हुए। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने बताया कि शिविर में विभिन्न प्रांतों के स्वयं सेवकों ने कला, संस्कृति व विचारों का आदान–प्रदान किया।

बौद्धिक परिचर्चा के अंतर्गत विशेषज्ञों ने स्वयं सेवक प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता आदि पर व्याख्यान दिया। सांस्कृतिक एवं साहित्यिक स्पर्धाएँ आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ की टीम ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। पारंपरिक लोकनृत्यों ने प्रदेश के गौरव को बढ़ाया। एक भारत श्रेष्ठ भारत के उद्देश्यों को पूरा करते हुए सांस्कृतिक एवं साहित्यिक आदान–प्रदान उत्कृष्ट रहा।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े ने संजना सिंह को बधाई दी है।






समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

**दुर्ग, दिनांक : 13.07.2022**

**// प्रेस विज्ञप्ति //**

# गर्ल्स कॉलेज में विश्व जनसंख्या दिवस

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस के तत्वाधान से **''बढ़ती जनसंख्या नियंत्रण जागरूकता में युवाओं की भूमिका''** पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने संदेश में कहा कि बढ़ती जनसंख्या का दूष्परिणाम जैसे गरीबी, कुपोषण, अशिक्षा, बेरोजगारी आदि देश के विकास में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं अतः ये आवश्यक हो गया है कि युवा इस समस्या के निवारण में अपनी भूमिका निभायें एवं जनसंख्या नियंत्रण जागरूकता की दिशा में सक्रिय पहल करे।

यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर में बढ़ती आबादी से जुड़ी समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करना है। साथ ही यह आवश्यक है कि छात्रायें शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक रूप से परिपक्व होने के पश्चात ही माँ बनने का कठिन दायित्व ग्रहण करें। और उचित लालन–पालन कर समाज को श्रेष्ठ नागरिक प्रदान करें।

श्रीमती वंदना बंजारे ने विवाह की आयु बढ़ाने, छोटा परिवार सुखी परिवार एवं परिवार नियोजन के महत्व की जानकारी दी।

छात्रा कु. उर्वशी निर्मल ने शिक्षा का अभाव जनसंख्या वृद्धि का एक बड़ा कारण बताया जबकि फातिमा निजामी ने रूढ़ीवादी सोच एवं लड़के की चाह, कु. रेणु सिन्हा ने कहा कि वंश आगे बढ़ाने के लिये पुत्र प्राप्ति को दोषी माना गया है। एकता के अनुसार युवाओं में परिवार नियोजन की जानकारी का अभाव इस समस्या को बढ़ा रहा है। कु. सुरूचि साहू ने इस वर्ष की थीम ''8 बिलियन की दुनिया सभी के लिये एक लचीले भविष्य की ओर अवसरों का दोहन और सभी के लिये अधिकार और विकल्प सुनिश्चित करना'' बताया।

इस अवसर पर यूथ रेडक्रॉस वालिंटियर्स ने स्लोगन के माध्यम से जनसंख्या विस्फोट के दुष्परिणामों की जानकारी दी।

इस अवसर पर छात्रायें एवं प्राध्यापक उपस्थित थे।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति//

# गर्ल्स कॉलेज में विश्व जनसंख्या दिवस






कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 01.08.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में
# मुंशी प्रेमचंद जयंती मनायी गयी

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिन्दी विभाग द्वारा ''मुंशी प्रेमचंद'' जयन्ती का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्‌बोधन में कहा–कि प्रेमचंद के साहित्य में शोषितों, पीड़ितों व दलितों का उल्लेख मिलता है। समाज में जो वास्तविकता व यथार्थ है वह सब उनके साहित्य में मिलता है उन्होनें छात्राओं को कहा कि – प्रेमचन्द के साहित्य का अध्ययन कर उनके साहित्य से हमें प्रेरणा लेनी चाहिये। पुस्तकालय में उनके साहित्य से संबंधित सभी तरह की पुस्तकें उपलब्ध है। उन्होनें प्रेमचन्द ही नहीं अपितु अन्य साहित्यकारों के साहित्य के अध्ययन के साथ–साथ अन्य विषयों का अध्ययन कर ज्ञानार्जन करना चाहिए।

डॉ. ऋचा ठाकुर ने कहा कि प्रेमचन्द का साहित्य विशाल व विस्तृत है उनका आदर्श केवल उनके कलम तक सीमित नहीं था, अपितु वास्तविक जीवन में भी उनका आदर्श वही था तथा तभी तो वह एक विधवा से पुनर्विवाह करते है। उन्होनें हिन्दी कहानी व उपन्यासों के माध्यम से यथार्थवादी परंपरा की नींव रखी। उन्होनें कहा कि 15 उपन्यास 300 से अधिक कहानियाँ, तीन नाटक, 10 अनुवाद, 10 बाल पुस्तकें, हजारों पृष्ठों के लेख संपादकीय, भाषण, भूमिका पत्र लिखे इसलिए उन्हें कथा सम्राट कहा जाता है।

श्रीमती ज्योति भरणे ने कहा कि – प्रेमचंद ने उपन्यासों को मानव जीवन की पृष्ठभूमि में प्रतिष्ठित किया, उन्होनें उपन्यासों के माध्यम से किसानों की आर्थिक व्यवस्था, सामाजिक कुरीतियाँ, हिन्दू–मुस्लिम ऐक्य, विविधताओं व वेश्या की समस्याओं आदि का वर्णन किया जो उनके साहित्य में मिलता है।

इस पर रिया बारले, खुशबू हरमुख, निधि ताम्रकार, पूजा चेलक, लक्ष्मी साहू, ढालेश्वरी साहू ने प्रेमचंद का साहित्यिक परिचय दिया।

कार्यक्रम का संचालन कुमारी हर्षिता साहू व आभार डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने किया। इस अवसर डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े, डॉ. मुक्ता बाखला, डॉ. मोनिया राकेश व विमल यादव उपस्थित थे।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति//

# गर्ल्स कॉलेज में
# मुंशी प्रेमचंद जयंती मनायी गयी





कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 17.08.2022

/ / प्रेस विज्ञप्ति / /

# गर्ल्स कॉलेज में
# शान तिरंगा

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नृत्य विभाग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर शान–तिरंगा आयोजित किया गया। छात्राओं द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि हर–घर तिरंगा अभियान, मूलतः हर भारतीय के मन में देश के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराता है। इस शुभ अवसर पर कौन बनेगा कारोड़पति (राष्ट्रीय क्विज) में छत्तीसगढ़ एवं महाविद्यालय का नाम रोशन करने वाले महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल का सम्मान महाविद्यालय द्वारा किया गया।

डॉ. अग्रवाल ने अपने के.बी.सी. के अनुभव को साझा किया। उन्होनें कहा कि कोई भी लक्ष्य, मेहनत से हासिल किया जा सकता है। कला संकाय द्वारा भी उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया गया।

नृत्य विभाग द्वारा प्राचार्य एवं अग्रवाल सर को शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। कौशल विकास केन्द्र एवं यूथर रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने अपने उद्बोधन में कहा कि तिरंगा हमारे देश की शान का प्रतीक है। इसके साथ ही उन्होनें प्रसिद्ध गीत ''विजयी विश्व तिरंगा प्यारा'' का गान किया, साथ ही वहाँ उपस्थित सभी दर्शकों ने उनके स्वर में स्वर देकर पूरे माहौल को देशभक्ति पूर्ण कर दिया।

विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने कहा विभाग की छात्राओं ने आजादी के अमृत महोत्सव के इस अभियान में नृत्यों की प्रस्तुति से आपरांजलि दी है।

सांस्कृति प्रस्तुतियों में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ राजगीत ''अरपा पैरी के धार'' को शास्त्रीय नृत्य शैली के रूप में प्रस्तुत किया। ऊर्मिला साहू ने पंजाब की मिट्टी से जुड़ा नृत्य एवं सौमिली माईत्री ने बंगाल की संस्कृति को दिखाती प्रस्तुति दी। चांदनी कुलस्ते ने देश रंगीला पर नृत्य किया। पूजा चेलक ने तिरंगा पर कविता पाठ किया। प्रगति दुबे ने ''ऐ मेरे वतन के लोगों'' गीत गाकर समा बांध दिया।

कार्यक्रम का अंत समूह नृत्य ''मिटी से मिल जावा प्रस्तुति के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति//

# गर्ल्स कॉलेज में

# शान तिरंगा






कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2212207 फैक्स 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: WWW.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 27.01.2022

## /गणतंत्र दिवस/

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया और सलामी दी। तत्पश्चात् पूरे महाविद्यालय परिवार एवं छात्राओं ने राष्ट्रगीत गाया और अंत में भारत माता की जय से महाविद्यालय गुंज उठा। प्राचार्य महोदय ने स्टॉफ एवं छात्राओं को सम्बोधित करते हुए सर्वप्रथम गणतंत्र दिवस की शुभकामनाऐं दी और कहा कि हमारे देश जैसे संविधान कहीं नहीं है जो हर एक की भावना का सम्मान करता है।


महाविद्यालय में अमृत महोत्सव के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें 35 छात्राओं ने हिस्सालिया जिसका अवलोकन महाविद्यालय स्टॉफ के साथ–साथ छात्राओं ने किया। कु0 प्रज्ञा कौशिक एवं कु0 किरण सोनबेर के पोस्टर को सराहा गया। सभी प्रतियोगियों को यूथ–रेडक्रास द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के नैक मूल्यांकन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को प्राचार्य महोदय द्वारा प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यूजीसी के निर्देशानुसार विद्यार्थियों हेतु आनलाईन सूर्यनमस्कार की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 ऋतु दुबे, क्रीडाधिकारी ने किया।


PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P. G. College, Durg (C.G.)

Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College ★ DURG

(डॉ0 ऋतु दुबे)
क्रीड़ा अधिकारी
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग


## गणतंत्र दिवस





DURG



# गर्ल्स कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

दुर्ग। शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने ध्वजारोहण किया। महाविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत देशभक्ति पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसका अवलोकन प्राध्यापकों, छात्राओं ने किया। पोस्टर प्रतियोगिता में 35 छात्राओं ने भाग लिया जिन्हें प्रमाण पत्र दिए गए। कु. प्रज्ञा कौशिक एवं किरण सोनबेर के पोस्टर सराहे गये। सभी विजेता प्रतिभगियों को यूथ रेडक्रॉस के द्वारा पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के नैक मूल्यांकन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राध्यापकों को सम्मानित किया गया। यूजीसी के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के लिए ऑनलाईन सूर्य नमस्कार की प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने किया।

Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College ★ DURG

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 24.08.2022

## गर्ल्स कॉलेज में सम्मान समारोह
## लक्ष्य और हौसले से सफलता मिलती है : अरूण वोरा

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति द्वारा महाविद्यालय की प्रतिभावान अंतर्राष्ट्रीय बॉस्केट बॉल एवं हैण्डबाल खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। साथ ही राष्ट्रमण्डल खेलों में बैडमिन्टन की रजत विजेता आकर्षि कश्यप तथा महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, जिन्होनें के.बी.सी. राष्ट्रीय क्विज में गौरवशाली स्थान प्राप्त किया है को भी सम्मनित किया गया।

मुख्य अतिथि नगर विधायक श्री अरूण वोरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आकर्षि कश्यप जैसी बच्चियाँ अपने लक्ष्य और हौसले, लगातार मेहनत से इस स्थान पर पहुँचती है।

महाविद्यालय की छात्रायें भी खेलों में अपना नाम रोशन कर रही है। उन्होनें महाविद्यालय को बेहतर खेल मैदान बनाने हेतु 20 लाख की राशि स्वीकृत की है। उन्होनें कहा हार–जीत जीवन का हिस्सा है बस अपनी हार को जीत में बदलना आना चाहिये। दुर्ग के महापौर श्री धीरज बाकलीवाल ने कहा कि आकर्षि कश्यप और डॉ. डी.सी. अग्रवाल हर उम्र के लोगों के लिये प्रेरणास्पद है। मेहनत का फल हमेशा मिलता है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि ऐसे सम्मान मिलने से छात्राओं को भी ऊर्जा मिलती है। महाविद्यालय की जनभागीदारी की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति मिश्रा लगातार विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के हित में कार्य कर रही है। ये महाविद्यालय के गौरव की बात है।

अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आकर्षि कश्यप ने कहा कि वे स्वयं भी आपके बीच से निकली है। खेल मैदान की समस्याओं से जुझकर भी उन्होनें अपनी मेहनत और लगन नहीं छोड़ी और आगे भी भारत का प्रतिनिधित्व करती रहेंगी। आज ही आकर्षि कश्यप के जन्मदिन का केक समारोह के दौरान काटा गया। सबने पुरजोर शुभकामनाएँ दी।

समारोह की संयोजक और जनभागीदारी की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति मिश्रा ने कहा कि आदरणीय अरूण वोरा एवं श्रीमती मंजू वोरा के सद्प्रयासों से यह सम्मान कार्यक्रम आयोजित हो सका है। उनकी लगातार कोशिश रहती है कि महाविद्यालय की छात्रायें आकर्षि जैसी रोल–मॉडल की जीवन–शैली अपनाएँ।

इस अवसर पर महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी, डॉ. ऋतु दुबे सहित बॉस्केटबॉल की रिया, रितिका, श्वेता, खुशबू, नागमणि, निशा, पूनम, संस्कृति, आरती, पिंकी, अमिषा तथा हैण्डबॉल की दुर्गा स्वामी, ए. अर्चना प्रिया, सुनिधि, एवं लक्ष्मी यादव को अंतर्राष्ट्रीय गौरव का स्मृति चिन्ह दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर एवं आभार क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने किया। सम्मानित छात्राओं ने अत्यधिक हर्ष व्यक्त किया।

।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## गर्ल्स कॉलेज में सम्मान समारोह

## लक्ष्य और हौसले से सफलता मिलती है : अरूण वोरा






**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 14.09.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में
# हिन्दी दिवस पर व्याख्यान आयोजित
# भावनाओं की अभिव्यक्ति का श्रेष्ठ माध्यम हिन्दी है

शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. रीता गुप्ता, सहायक प्राध्यापक हिन्दी, शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय, उतई के सानिध्य में सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि राष्ट्र की पहचान उसकी भाषा होती है यह उसकी अस्मिता है, आन–बान और शान है, देश की उन्नति चाहते है तो हमें अपने भाषा से स्नेह करना चाहिए। उन्होनें भारतेन्दु हरिशचन्द्र की हिन्दी से संबंधित पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि– **''निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय को शूल।।''** उन्होनें कहा कि विभिन्न भाषाओं का जानना और सीखना अच्छी बात है किन्तु जब हमारी अस्मिता की बात आती है तब हमें हिन्दी को महत्व देना चाहिये।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि हिन्दी सबसे बड़ी संपर्क भाषा है विश्व स्तर पर अंग्रेजी भाषा का ही प्रयोग होता है किन्तु अर्थ यह नहीं कि हमारी भाषा पिछड़ी है, हमारी भावनाओं को व्यक्त करने का सबसे उच्च माध्यम हिन्दी ही है, उन्होनें साहित्य लेखन के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

डॉ. ऋचा ठाकुर ने कहा कि हिन्दी को राजभाषा का दर्ज 14 सितम्बर 1949 को प्राप्त हुआ, आज बोलचाल में अंग्रेजी का बर्चस्व हो गया है 'श' का उच्चारण स के रूप में करते है ये गलत है उच्चारण शुद्ध होना चाहिये। उसे सम्मान देना चाहिये।

श्रीमती ज्योति भरणे ने कहा कि हिन्दी विश्व की समृद्धतम भाषाओं में से एक है भारत के विशाल भू–भाग में बोली जाने वाली भाषा हिन्दी में भारतवासियों की आत्म मुखरित होती है।

इस अवसर पर हिन्दी विभाग की खुशबू हरमुख, निधि ताम्रकार, फलेश्वरी, पूजा चेलक, वर्षा, लक्ष्मी साहू, भूमिका साहू, रिया बारले आदि अनेक छात्राओं ने इस अवसर पर अपने विचार रखे। हिन्दी दिवस पर स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग की छात्राओं का परिषद गठन किया गया जिसमें भूमिका साहू–अध्यक्ष, उपाध्यक्ष–किरण सोनबेर, सचिव–पूजा चेलक, सहसचिव–गीतांजली, साहित्यिक व सांस्कृतिक सचिव खुशबू हरमुख का मनोनयन किया गया।

प्राचार्य द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन कु0 हर्षिता व आभार प्रदर्शन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने किया। इस अवसर पर डॉ. सुचित्रा खोब्रागढ़े, डॉ. मोनिया राकेश व छात्रायें उपस्थित रहीं।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में
## हिन्दी दिवस पर व्याख्यान आयोजित
## भावनाओं की अभिव्यक्ति का श्रेष्ठ माध्यम हिन्दी है








कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 17.09.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में साक्षरता सप्ताह आयोजित

शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वय द्वारा साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साक्षरता जागरूकता हेतु रैली निकाली गई।

साक्षरता जागरूकता हेतु संगोष्ठी का आयोजन किया गया इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि किसी भी देश की साक्षरता की दर बढ़ती है तो वो देश भी तेजी से विकास करता है। साक्षर व्यक्ति खुद के बौद्धिक विकास के साथ–साथ सामाजिक व आर्थिक विकास में भी अपना योगदान देता है।

मुख्य वक्ता डॉ. ऋचा ठाकुर ने कहा कि साक्षरता का सही अर्थ यही है कि स्त्री व पुरूष सभी साक्षर होने का महत्व समझें। शिक्षित होने पर व्यक्ति जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है। हर मुश्किल का सामना आसानी से कर सकता है।

अतिथि वक्ता डॉ. रीता गुप्ता साहित्यकार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत का पूर्ण साक्षर बनाने हेतु सरकार कृत संकल्प है। जिसमें प्रत्येक सदस्यों का सहयोग आवश्यक है। साक्षरता से ही समाज का विकास संभव है।

साक्षरता जागरूकता के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम–रिया बारले, द्वितीय स्थान पर लक्ष्मी साहू रही। रंगोली प्रतियोगिता में प्रगति निषाद प्रथम, पायल साहू द्वितीय एवं नेहा देशमुख तृतीय स्थान पर रही। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर पुरस्कृत किया जावेगा।

कार्यक्रम का संचालन कु0 हर्षिता एवं आभार प्रदर्शन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े, सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. मोनिया राकेश सिंह, श्रीमती ज्योति भरणे एवं अंशु धृतलहरे, नम्रता बंजारे, गीतांजली, ढालेश्वरी, पूजा चेलक आदि छात्रायें उपस्थित रही। रासेयो के सहायक श्री विमल यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में
# साक्षरता सप्ताह आयोजित






कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 18.10.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में

## महात्मा गांधी के दुर्लभ अभिलेखों की प्रदर्शनी

शासकीय डॉ. वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के इतिहास विभाग द्वारा महात्मा गांधी के यादगार दुर्लभ अभिलेखों की एक प्रदर्शनी आयोजित की गई। भिलाई स्टील प्लान्ट में कार्यरत् श्री आशीष दास द्वारा गांधी जी से संबंधित विशिष्ट अभिलेखों का संग्रहण किया गया है।

उनके संचालन में यह प्रदर्शनी आयोजित की गई। श्री आशीष दास देश के प्रसिद्ध स्टैम्प, मुद्रा एवं विशिष्ट अभिलेखों के संग्रहणकर्ता है। उनके द्वारा साप्ताहिक अंग्रेजी पत्रिका, यंग इंडिया, गुजराती साप्ताहिक पत्रिका ''नवजीवन'' पत्रिका–हरिजन, हरिजन–सेवक, हरिजन बंधु, मासिक पत्रिका ग्राम उद्योग पत्रिका (हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों) इत्यादि दुर्लभ संग्रह प्रदर्शनी हेतु रखे गये थे। गांधी जी की टाइम (1930) न्यूज वीक (1947) मुंडो (1948), रूस (1937) मैग्जीन में प्रकाशित फोटो का संग्रहण भी अवलोकनार्थ रखा गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि इस प्रदर्शनी से युवा छात्राओं को गांधीजी के अमूल्य योगदान की विस्तृत जानकारी मिलती हैं

विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने कहा कि इससे प्रतियोगी परीक्षाओं में भी छात्राओं को मदद मिलेगी। प्रभारी प्राध्यापक डॉ. शबीना बेगम ने कहा कि महात्मा गांधी जी से संबंधित यह दुर्लभ संग्रह आशीष दास जी के पास ही है। छत्तीसगढ़ में अन्यत्र किसी के पास नहीं प्राप्त होते।

महाविद्यालय की छात्राओं में भी इस प्रदर्शनी के लिये विशेष उत्साह दिखाई दिया। इस अवसर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े, डॉ. सुषमा यादव, डॉ. मिलिन्द अमृतफले, श्रीमती तृप्ति खरे, विमल यादव उपस्थित थे।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति //

### गर्ल्स कॉलेज में

### महात्मा गांधी के दुर्लभ अभिलेखों की प्रदर्शनी






कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 31.10.2022

प्रेस विज्ञप्ति

# गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया

शासकीय डॉ0वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के अंतर्गत सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर ''रन फॉर युनिटी'' एवं ''राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ ग्रहण'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी द्वारा अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्राओं को ''राष्ट्रीय एकता'' की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि–लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल ने राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर ''रन फॉर युनिटी'' का आयोजन किया जाता है। जिसका उद्देश्य है, नागरिकों को एकता एवं भाईचारे का संदेश पहुँचाना। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने ''रन फॉर युनिटी'' के अंतर्गत मालवीय नगर चौक से महाविद्यालय प्रांगण तक दौड़ लगाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने एकता दौड़ का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रासेयो की स्वयं सेवक उपस्थित थे। कु0 नम्रता बंजारे, कु0 श्वेता साहू, कु0 शिवानी का विशेष सहयोग रहा।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

# शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)



एकता दौड़




एकता की शपथ

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 12.11.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित की गई।

महाविद्यालय में छात्राओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने एवं जन सामान्य के मध्य मतदाता जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इन प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

लोकतांत्रित पद्धति से निवार्चन में मीडिया की भूमिका विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें एम.ए. भूगोल की छात्रा कु. प्रेरणा शर्मा ने सर्वप्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता में 50 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें एम.ए. हिन्दी की छात्रा कु. किरण सोनबेर ने सर्वाधिक अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन दोनों छात्राओं का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिये किया गया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्य से छात्राओं को अवगत कराया तथा उन्हें जागरूक मतदाता बनने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल उपस्थित थे।

प्रतियोगिता में डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ. मिलिन्द अमृतफले एवं श्रीमती ज्योति भरणे निर्णायक थे।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन स्वीप प्रभारी डॉ. विजय कुमार वासनिक ने किया।



समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 25.11.2022

// रिपोर्ट //

गर्ल्स कॉलेज में

# महिला उत्पीड़न निवारण दिवस पर संगोष्ठी

शासकीय डॉ. वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिला उत्पीड़न निवारण दिवस पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

प्रभारी प्राध्यपक डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि वर्तमान में बढ़ती हुई महिला उत्पीड़न एवं घरेलू हिंसा की घटनायें अत्यन्त सोचनीय एवं गंभीर है। इस समस्या के निवारण हेतु नारी को सशक्त एवं समर्थ होना होगा।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन जागरूकता बढ़ाने के साथ ही सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक प्रयास है। छात्राओं को हमेशा सतर्क एवं सशक्त रहना चाहिये। उन्होनें महाविद्यालय में उपलब्ध शिकायत निवारण सेल एवं काउंसिलिंग सेंटर की जानकारी दी।

डॉ. सुषमा यादव, सहायक प्राध्यापक भूगोल ने नागरिक सुरक्षा को एक गंभीर मुद्दा बताया साथ ही विगत समय में महिला उत्पीड़न की विभिन्न घटनाओं की आंकड़ों सहित महिला अधिकारों के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन श्रीमती ज्योति भरणे ने किया।



समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 28.11.2022

## // रिपोर्ट //

## गर्ल्स कॉलेज में

## ''कोपलवाणी'' के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शैक्षणिक आदान–प्रदान योजना के अंतर्गत ''कोपलवाणी'' महाविद्यालय, रायपुर के विद्यार्थियों ने गर्ल्स कॉलेज आकर यहाँ की गतिविधियों से रूबरू हुए। कोपलवाणी मूक बधिर विद्यार्थियों की संस्था है।

विद्यार्थियों के महाविद्यालय के नृत्य एवं चित्रकला विभाग में जाकर वहाँ पर विद्यार्थियों से मुलाकात की और अकादमिक गतिविधियाँ देखी।

नृत्य विभाग की छात्राओं ने भारत नाट्यम के अडवू और पुष्पांजली का प्रदर्शन किया जिससे बच्चे काफी प्रभावित हुए।

ये विद्यार्थी मूर्तिकला–चित्रकला विभाग भी गए और वहाँ पेंटिग तथा मूर्तिकला पर जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम का संयोजन डॉ. ऋचा ठाकुर एवं डॉ. तृप्ति खरे ने किया।





*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 27.01.2023

//प्रेस विज्ञप्ति//

**गर्ल्स कॉलेज में**

## बसंत पंचमी एवं निराला जयंती

## अद्वितीय प्रतिभा के धनी – निराला जी

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिन्दी विभाग द्वारा बसंत पंचमी व सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला जयंती का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि निरालाजी की कविताओं में विविधता है, उनकी कविता का प्रत्येक शब्द गहन अर्थ लिए हुए है, उनकी मुख्य कविताओं की चर्चा करते हुए कहा की स्वंत्रता आंदोलन में भी निराला की कलम का योगदान रहा है। उनके व्यक्तिव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे मस्तमौला कवि थे उनकी कविताओं में पठन–पाठन व लेखन के क्षेत्र में रूचि लेने के लिए प्रेरित किया।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने कहा कि निराला की कविताओं का अध्ययन किया और पाया कि वास्तव में निराला जी अद्वितीय प्रतिभा के धनी है। निराला की कविताओं को विदेशों में भी अनुदित किया गया है, स्वतंत्रता आन्दोलन में वैज्ञानिक क्रांति लाने में उनकी कविताओं का बहुत योगदान रहा है। इनकी कवितायें ओज से परिपूर्ण है।

श्रीमती ज्योति भरणे, सहायक प्राध्यापक हिन्दी ने कहा कि निराला विद्रोव व परिवर्तन के कवि है वे दी–दुखियों को सताने वालों पर तीव्र प्रहार किया। शोषक एवं पूंजीपतियों को उन्होनें खूब खरी–खोंटी सुनाई।

निराला की साहित्यिक रचनाओं– वर दे वीणा वादिनी वरदे, वह तोड़ती पत्थर, भारती जय विजय करें, कुकुरमुत्ता, राम की शक्ति पूजा, सरोज स्मृति, हिन्दी के सुमनों के प्रति पत्र, जागो एक बार आदि महाविद्यालय की छात्रायें किरण सोनबेर, खुशबू हरमुख, कुसुम ध्रुव, प्रेरणा, निधि यादव, भूमिका ने सस्वर काव्य पाठ किया।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आरती सिंह राठौर व आभार प्रदर्शन डॉत्र यशेवश्री ध्रुव, विभागाध्यक्ष हिन्दी ने किया।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

S.2~

**(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)**
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

/ /प्रेस विज्ञप्ति/ /

गर्ल्स कॉलेज में

## बसंत पंचमी एवं निराला जयंती

## अद्वितीय प्रतिभा के धनी – निराला जी






# Govt.WW Patankar Girls' PG College Durg ( CG )


## Department of Dance

## Welcome's

## BA Part - I (Dance Batch 2022-23)

## With

## Teacher's Day Celebration



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 07.09.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में

# नृत्य विभाग द्वारा नवप्रवेशी छात्राओं का स्वागत एवम शिक्षक दिवस आयोजित

शासकीय डॉ वा वा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महा. दुर्ग के नृत्य विभाग द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया । विभाग की छात्राओं ने शिक्षकों का रोली तिलक लगाकर सम्मान किया उसके साथ ही नृत्य विषय की प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिये स्वागत समारोह भी रखा गया ।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि इस महाविद्यालय में नृत्य संगीत जैसे विषयों में छात्राओं लगातार रुझान बढ़ रहा है ,ये विषय रोजगारोन्मुखी हैं ।

इतिहास विषय की सहायक प्राध्यापक शबीना बेगम ने कहा कि स्नातक स्तर पर जब उन्होंने यह विषय लिया तब उन्हें नृत्य नही आता था किंतु रुचि थी ।यहां सीखते हुए उन्होंने युवा उत्सव में विश्विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए असम में अपनी प्रतिभा दिखाई ।उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई । मूर्तिकला की सहायक प्राध्यापक तृप्ति खरे ने कहा कला एक साधना है । प्रकृति में मौजूद हर वस्तु का आकार ,रंग कला से परिपूर्ण है ।

विभागाध्यक्ष डॉ ऋचा ठाकुर ने बताया कि उनके विभाग में हर वर्ष आज के दिन नव प्रवेशी छात्राओं का स्वागत होता है। उन्होंने विभाग की गतिविधियों एवम उपलब्धियों को बताया । अंतिम वर्ष की ललिता, अनामिका, अफ़रोज़, सुरुचि ने सभी नई छात्राओं का तिलक से स्वागत किया ।द्वितीय वर्ष की ओमिषा,उर्मिला ,सेवंती ने फूलों से शिक्षकों का सम्मान किया । अंत मे सभी छात्राओं ने भूमिप्रणाम किया और अंत्याक्षरी, कविताओं के माध्यम से शिक्षक दिवस मनाया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में

## नृत्य विभाग द्वारा नवप्रवेशी छात्राओं का स्वागत एवम शिक्षक दिवस आयोजित







कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दिनांक : 05/09/22

कार्यक्रम उपस्थिति Teachers Day & Welcome day

| क्र. | नाम | हस्ताक्षर | क्र. | नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Jamni Sahu | Jamni | 26 | Domin Deshmu | Domin |
| 2. | Janki | Janki | 27 | दामिनी नेताम | Damini Netam |
| 3 | Megha | Megha | 28 | ललिता निषाद | Lalita |
| 4 | menka | menka | 29 | कु. नेहा कतरे | N. ketre |
| 5 | Madhuri | madhuri | 30 | Nisha Gupta | Nisha |
| 6 | Leena Khutel | Leena Khutel | 31 | Sanjana Dewangan | [illegible] |
| 7 | Ruchi Sahu. | Ruchi Sahu. | 32 | Omisha Patel | Omisha |
| 8 | Maheshwari | Maheshwari | 33 | Neha Pathak | Nepa[illegible] |
| 9. | प्राची गायकवाड़ | प्राची | 34 | Prachi Sinha | |
| 10 | Shaili Verma | Shaili | 35 | Paral Sen | Paral Sen |
| 11 | हितेश्वरी | हितेश्वरी | 40 | Dolly Banjare | Doly |
| 12. | तान्या साहू | तान्या साहू | 41 | Parvati verma | Parvati |
| 13. | हेनिका देशमुख | हेनिका देशमुख | 42. | Urmila sahu | Urmila |
| 14 | Laxmi Sahu | Laxmisahu | 43 | Durgeshwari dhiwar | Durgeshwari |
| 15 | Hasinasen | Hasina Sen | 44 | Neeta Sahu | Neeta SaHU |
| 16 | Ranjana Nayak | Ranjana | 45 | यशस्वी | [illegible] |
| 17. | Sheetal Thakur | Sheetal | | | |
| 18. | Rajeshwari Sahu | Rajeshwari Sahu | | | |
| 19. | Sneha chandrakar | sneha. | | | |
| 20. | Urvashi Nirmal | Urvashi. | | | |
| 21. | Kajal Soni | Ksoni. | | | |
| 22 | Indrani Yadav | [illegible]yadav | | | |
| 23 | Lalita Sahu | Sahu | | | |
| 24 | Ugeshwari | Sinha | | | |
| 25 | Mousami | Mousami | | | |